28 .08.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

नेपाल-बाढ़

नेपाल-तिब्बत सीमा पर आई विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 469 हो गई है, जबकि सीमा के दोनों ओर एक हजार पांच सौ 45 लोग अभी भी लापता हैं। बचाव दल नदी के किनारों और अलग-थलग बस्तियों में जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं और बाढ़ के बहाव में बह गए शवों को निकाल रहे हैं। हालांकि, भोटे कोशी नदी के उद्गम स्थल के पास बनी एक नई बांध झील को लेकर चिंता बनी हुई है। अधिकारियों को आशंका है कि बांध टूटने से पानी का एक और तेज बहाव आ सकता है। इससे आपदा और भी गंभीर हो सकती है और बचाव कार्यों में बाधा आ सकती है। नेपाली सुरक्षाकर्मियों ने प्रभावित जिलों से 800 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। भारत ने एक बड़ा बचाव और राहत अभियान शुरू किया है ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से बात की और उन्हें भारत की पूर्ण मानवीय सहायता का आश्वासन दिया।

प्रधानमंत्री - जनधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में जन धन योजना के अभूतपूर्व परिवर्तनकारी परिणामों का प्रभाव बेमिसाल है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि जन धन योजना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और देश के लोगों को सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत अब तक 59 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं। इन खातों में कुल जमा राशि 3 लाख 17 हजार करोड़ रुपये है। इस योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में आज ही के दिन किया था। ये विश्व की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल है। यह योजना सभी भारतीयों के लिए बैंकिंग पहुंच को सुलभ बना रही है। इस योजना के तहत महिलाओं के लगभग 56 प्रतिशत खातों सहित 78 प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं।

रक्षाबंधन-शुभकामनाएं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा बंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह पर्व स्नेह, सम्मान, विश्वास और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने समाज और राष्ट्र की रक्षा तथा विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कामना की कि रक्षा बंधन सभी के जीवन में खुशहाली, समृद्धि और सफलता लाए तथा प्रेम और आपसी विश्वास के बंधन हमेशा मजबूत रहें। वहीं, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल निवास पर ब्रह्माकुमारी बहनों से राखी बंधवाई और सभी के मंगलमय जीवन की कामना की।

रक्षाबंधन- प्रदेश

प्रदेश में रक्षाबंधन का पर्व आज हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जा रहा है। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में तड़के भस्म आरती के दौरान पुजारी परिवार की महिलाओं ने भगवान महाकाल को दो फीट लंबी विशेष राखी बांधी और सवा लाख लड्डुओं का महाभोग लगाया। आगरमालवा में बहनों ने भाइयों को राखी बांधी, जबकि ब्राह्मण समाज ने श्रावणी उपाकर्म के तहत यज्ञोपवीत धारण किया। दतिया में जेल में निरुद्ध भाइयों को बहनों ने राखी बांधी। वहीं खरगोन के सिद्धि विनायक मंदिर में भगवान गणेश को 16 वर्गफीट की विशाल राखी बांधी गई, जिसमें 12 ज्योतिर्लिंगों के चित्र सजाए गए हैं।

शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रक्षाबंधन के अवसर पर आज अमृतसर स्थित सचखंड श्री दरबार साहिब में मत्था टेका। उन्होंने कहा कि गुरु घर आने से उनका मन अनंत ऊर्जा, उमंग और उत्साह से भर गया है। उन्होंने गुरु चरणों में नमन करते हुए आपसी स्नेह और सद्भाव की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।

हादसा

राजगढ़ जिले के ब्यावरा में भोपाल बायपास ब्रिज पर आज  सुबह बेंगलुरु पुलिस की गाड़ी और उत्तर प्रदेश की यात्री बस में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बेंगलुरु पुलिस के इंस्पेक्टर और बस चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 लोग घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को भोपाल रेफर किया गया है।

समाचार संक्षेप में:-

- शिवपुरी जिले में "मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026" के तहत कल शिविर विकासखंड कोलारस की ग्राम पंचायत लुकवासा में आयोजित किया जाएगा।
- खरगोन में कोतवाली पुलिस ने जामली के पास कार्रवाई करते हुए 70 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

------------------------------